एक नजर में

यूको बैंक की कार्निवल मीट का आयोजन

ग्वालियर 24 मार्च। होटल सेंट्रल पार्क में यूको बैंक की कार्निवल मीट का आयोजन गत दिवस किया गया, जिसमें ग्राहकों को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए तथा शाखाओं से जुड़े नए ग्राहकों का स्वागत व सम्मान किया गया । कार्यक्रम में नई दिल्ली से आए महाप्रबंधक अंबिकानन्द झा सम्मिलित हुए। उन्होंने बताया कि यूको बैंक में होम लोन 7 .10 प्रतिशत से शुरू होता है और कार लोन 7 .45 प्रतिशत की दर से शुरू होता है जो कि बाकी बैंकों से बहुत बेहतर है । ग्राहकों को श्रेष्ठ सेवाएँ मुहैया कराना यूको बैंक की प्राथमिकता है । ग्वालियर अंचल प्रबंधक अक्षय कुमार तथा ग्वालियर की सभी शाखाओं के ग्राहक भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।

सती और शिव-पार्वती विवाह के प्रसंग सुन भावुक हुए श्रोता

ग्वालियर । तानसेन नगर के पास रमटापुरा स्थित सहयोग गार्डन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह में मथुरा, वृंदावन से आए कथावाचक पंडित शुभम अग्निहोत्री ने दूसरे दिन की कथा में भगवान के अनेक भक्तों को सती और शिव-पार्वती की कथाएं श्रवण कराई । इस दौरान श्रोता भावुक हो गए। सती जी का प्रसंग श्रवण कराते हुए बताया कि जब भगवान शिव ने प्रभु श्री राम को प्रणाम किया तो सती ने शंका प्रकट की । शिव ने बताया कि ये साधारण राजकुमार नहीं हैं। ये साक्षात ब्रह्म हैं। परन्तु सती ने भगवान शिव की बात पर विश्वास नहीं किया, फिर सती ने माता जानकी का भेष बनाकर श्री राम की परीक्षा ली। इतना ही नहीं वह शिव की इच्छा के विरुद्ध अपने पिता दक्ष के यहां जाती हैं। अब प्रश्न यह उठता है कि सती हैं कौन? जिस समय सती , शिव जी के साथ सत्संग करने के लिए अगस्त ऋषि के यहां जातीं हैं तो श्री गोस्वामी तुलसीदास सती को संसार को जन्म देने वाली बताते हैं। भवानी शब्द से संबोधित किया है। संग सती जग जननि भवानी। पूछे रिषि अखिलेस्वर जानी। यहां पर शंका यह होती है कि सती जब भवानी थीं तो क्या वह श्री राम को नहीं पहचान सकीं कि ये ब्रह्म हैं। वास्तविकता यह थी कि वह सब कुछ जानतीं थीं, परन्तु यह सब उन्होंने लीला की थी। कथा में शिव और पार्वती का बड़ी धूमधाम से विवाह हुआ। अंत में रमेश गुप्ता, सुमन गुप्ता , रंजना शर्मा एवं अन्य श्रोतागणों ने भागवत की आरती उतारी।

ग्वालियर में गैस संकट

कागजों पर कंट्रोल, धरातल पर 59 हजार बुकिंग पेंडिंग

लोगों ने कहा- न लग रहा नंबर न मिल रहा सिलेंडर, प्रशासन का दावा - नियमित उपभोक्ताओं को निरंतर हो रही सप्लाई

संजीव कुमार शर्मा

ग्वालियर, 24 मार्च। शहर में इन दिनों रसोई गैस को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। एक तरफ जहां उपभोक्ता 25-25 दिनों की लंबी वेटिंग से परेशान हैं, वहीं दूसरी ओर सूचना के अभाव और केवाईसी की जटिलताओं ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। मुरार सदर बाजार, थाटीपुर और गोविंदपुरी चौराहा स्थित गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें प्रशासन के दावों की पोल खोल रही हैं। ग्वालियर में गैस की किल्लत केवल आपूर्ति की कमी नहीं, बल्कि जागरूकता का अभाव और जिले में निरंतर गैस सिलेंडर को लेकर फैल रहे भ्रम के कारण भी बनी हुई है जिस पर प्रशासन कोई रोक नहीं लगा पाया है। इसके साथ ही कहीं -कहीं कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार के आरोपों से भी गैस एजेंसिया घिरी नजर आ रही है। जहां अधिकारी 3 दिन का बैकलॉग बता रहे हैं, वहीं धरातल पर लोग 25 दिनों के बाद भी इंतजार कर रहे हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन इन विसंगतियों को कब तक दूर कर पाता है।

सूचना का अभाव और बंद कनेक्शन वाले ज्यादा परेशान: गैस एजेंसियों पर ऐसे कई उपभोक्ता पहुंच रहे हैं जिन्होंने पिछले एक- दो वर्षों से सिलेंडर बुक नहीं कराया था। बिना किसी पूर्व सूचना के इनके नंबर बंद कर दिए गए हैं। अब इन उपभोक्ताओं को बताया जा रहा है कि बिना केवाईसी प्रक्रिया पूरी किए उन्हें सिलेंडर नहीं मिलेगा। इसके अलावा जानकारी के अभाव में घंटों लाइन में लगने के बाद लोग खाली हाथ घर लौट रहे हैं। विनायक गैस एजेंसी जैसी कुछ एजेंसियों पर केवाईसी भी बंद कर दी गई है। इसके साथ ही जिन घरों में शादियां है वह लोग भी सिलेंडर के लिए भारी परेशान हो रहे हैं।

आंकड़ों का गणित, मांग और आपूर्ति में भारी अंतर: गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि विनय शुक्ला श्री राधे गैस एजेंसी इंडेन, गोविंदपुरी चौराहा, विकास बरैया विनायक गैस एजेंसी, भारत थाटीपुर चौराहा, राहुल गोयल, कैलाश गैस एजेंसी इंडेन, मुरार, श्री प्रिया गैस एजेंसी इंडेन, आरकेबीएम रोड थाटीपुर ने बताया कि स्थिति तनावपूर्ण है, प्रतिदिन 700 से 1000 सिलेंडर बुकिंग ऑनलाइन हो रही है। जबकि प्रतिदिन डिलीवरी मात्र 500 से 600 सिलेंडर ही हो पा रही हैं। यानी हर दिन लगभग 400 उपभोक्ताओं का बैकलॉग बढ़ रहा है, जो धीरे-धीरे एक बड़े संकट का रूप ले चुका है।

आंकड़ों की जुबानी, भारी पड़ रहा है 'बैकलॉग': खाद्य विभाग के पास से 23 मार्च के मिले आंकड़ों के अनुसार, ग्वालियर में गैस वितरण की स्थिति चिंताजनक है, जिले में भारत हिंदुस्तान और इंडेन की कुल मिलाकर 49 एजेंसियां है। एजेंसियां पर 14.2 के.जी. के 13742 और 19 के.जी. के 1226 सिलेंडर स्टॉक में है। 14.2 के.जी. के 12581 बिक्री हो गए हैं। आज की डेट में अकेले इंडेन की 48,000 से अधिक बुकिंग पेंडिंग होना यह बताता है कि संकट कितना बड़ा है। कुल मिलाकर शहर में लगभग 59897 परिवार अभी भी सिलेंडर के इंतजार में हैं।

प्रशासन का पक्ष, स्थिति नियंत्रण में हैं, तेजी से बैकलॉग हो रहा है कम

जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी अरविंद भदौरिया ने स्थिति पर सफाई देते हुए कहा, प्रशासन पूरी स्थिति पर पैनी नजर रखे हुए है। जिले में प्रतिदिन लगभग 10,000 बुकिंग हो रही हैं, जिसके सापेक्ष हम 7 से 8 हजार सिलेंडर उपलब्ध करा रहे हैं। वर्तमान में केवल 2 से 3 दिन का बैकलॉग है, जिसे हम तेजी से कम कर रहे हैं। हमारे पास रोज 100 से 200 फोन भी आते हैं जिन्हें हम प्राथमिकता पर सिलेंडर पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे लोग भी आ रहे हैं जिनके यहां शादी है और वह 10 से 15 सिलेंडर मांग रहे अभी हम यह व्यवस्था नहीं कर सकते हैं। हमारी पहली प्राथमिकता आम उपभोक्ता है। मेरा लोगों से यही कहना है कि शादी में कम से कम मेहमानों को बुलाएं और मीनू भी कम से कम रखें।

उज्ज्वला योजना के सिलेंडर ब्लैक में बेचे तो होगी कार्रवाई : उज्ज्वला योजना में अधिक पैसे मांगने और कालाबाजारी की शिकायतों पर जिला आपूर्ति अधिकारी अरविंद भदौरिया ने कहा, वर्तमान स्थितियों ऐसी हैं कि हम किसी एजेंसी पर अभी सीधे ताला तो नहीं डाल सकते, लेकिन शिकायतों की जांच जारी है। दोषी पाए जाने वाले संचालकों पर कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उज्ज्वला सिलेंडर यदि किसी भी गांव या शहर में ब्लैक में बेची पाई गई तो निश्चित तौर पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उपभोक्ताओं की जुबानी, सिस्टम की बदहाली की दास्तां

प्रेम सिंह कुशवाहा, निवासी ग्राम सिरसौद ने कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराने के बाद बताया कि उन्होंने समय पर नंबर लगाया था, लेकिन उनका सिलेंडर किसी और को दे दिया गया। उनका आरोप है कि एजेंसी संचालक सिलेंडर की ब्लैक मार्केटिंग कर रहे हैं। कलेक्टर की जनसुनवाई में दिए आवेदन पर करीब एक दर्जन लोगों के हस्ताक्षर थे प्रेम सिंह का कहना था कि इन सभी के सिलेंडर ब्लैक में बेचे गए हैं।

उज्ज्वला लाभार्थी सतीश शुक्ला ने भी ऐसा ही गंभीर आरोप एजेंसी संचालक पर लगाया है कलेक्टर को दिए आवेदन में उन्होंने बताया कि सिलेंडर देने के बदले गैस एजेंसी कर्मचारी ने उनसे सिलेंडर के लिए 1400 रुपये की मांग की है। इस संबंध में जब नवभारत ने गैस एजेंसी कर्मचारी को फोन लगाया तो उसने इसे बीमा और पाइपलाइन का खर्च बताया। जबकि उपभोक्ता का कहना है कि उसका 5 साल का बीमा अभी वैध है।

मुरार की एक गृहिणी अपने पति लाखन सिंह कुशवाहा के साथ चिक सन्तर स्थित गैस एजेंसी पर सिलेंडर के लिए पहुंची। दंपति का कहना है कि उन्हें गैस एजेंसी संचालकों ने 45 दिन बाद नंबर लगाने की बात कही है तब तक हम खाना कैसे बनाएंगे। घर में चूल्हा जलना मुश्किल हो गया है, पर कोई सही जानकारी देने वाला नहीं है। एक ग्राहक ने बताया कि 25 दिन से बुकिंग है, लेकिन एजेंसी आने पर कहते हैं कि अभी स्टॉक नहीं है।

थाटीपुर चौराहे पर विनायक गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने आए गिर्राज शर्मा अपनी पत्नी के साथ परेशान हो रहे उनका कहना है मेरा नंबर पिछले 2 साल से बंद था क्योंकि मैंने इंडक्शन का उपयोग शुरू किया था। अब इमरजेंसी में सिलेंडर चाहिए तो कह रहे हैं कि पहले केवाईसी कराओ, जिसमें हफ्तों लग रहे हैं। ऐसे ही एक ग्राहक ने श्री राधे गैस एजेंसी पर बताया कि बिना केवाईसी कराए सिलेंडर नहीं मिल रहा है।

एआई परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में उभर रहा : डॉ. सक्सेना

आईटीएम में कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 24 मार्च। आईटीएम यूनिवर्सिटी के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 'इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में सतत विकास हेतु एआई के अनुप्रयोग' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. आकाश सक्सेना (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा) शामिल हुए। इस अवसर पर आईटीएम के वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. योगेश उपाध्याय, आईटीएम इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष अभिषेक सक्सेना, डॉ. वाणी अग्रवाल (निदेशक आईक्यूएसी), डीन एसओईटी प्रो. मुकेश पांडे, नीरज पांडे, मोहित देशपांडे, विशाल परिहार, सुमित शर्मा सहित विभिन्न प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और बड़ी

संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। मुख्य अतिथि डॉ. आकाश सक्सेना ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बढ़ते महत्व एवं उसकी व्यापक संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान समय में एआई केवल एक तकनीकी प्रवृत्ति नहीं, बल्कि एक परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में उभर रहा है, जो इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के पारंपरिक स्वरूप को आधुनिक, स्मार्ट एवं स्वचालित प्रणालियों में परिवर्तित कर रहा है। सक्सेना ने छात्र-छात्राओं से कहा कि विभिन्न उभरते शोध क्षेत्रों, जैसे मशीन लर्निंग आधारित पावर सिस्टम एनालिसिस, डेटा-ड्रिवन फॉल्ट डिटेक्शन, स्मार्ट एनर्जी सिस्टम्स, और एआई आधारित कंट्रोल सिस्टम्स की जानकारी दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को पारंपरिक अध्ययन के साथ-साथ नवाचार, अनुसंधान एवं प्रायोगिक कार्यों की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर बल दिया कि बीटेक के दौरान किए गए प्रोजेक्ट्स केवल शैक्षणिक औपचारिकता न होकर वास्तविक समस्याओं के समाधान पर आधारित होने चाहिए, जिससे छात्र-छात्राओं की तकनीकी दक्षता और रोजगार क्षमता दोनों में वृद्धि हो सके। कार्यशाला के अंत में आईटीएम के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अभिषेक त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. योगेश उपाध्याय के सतत मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

खुले में मीट मांस का विक्रय करने पर वसूला जुर्माना

नवभारत न्यूज

ग्वालियर,24 मार्च। शहर स्वच्छ व साफ रहे इसलिए गंदगी फैलाने वालों, अमानक पॉलीथिन, गोबर नालियों में बहाने वालों एवं भवन सामग्री सड़क पर डालने वालों पर निगम द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम आयुक्त संघ प्रिय एवं अपर आयुक्त टी. प्रतीक राव के निर्देशानुसार गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। जिसके तहत आज स्वास्थ्य अधिकारी किशोर चौहान कि निर्देशन में खुले में मीट मांस बेचने वालों पर जुर्माना कार्रवाई की गई एवं मीट मांस सार्वजनिक सूचना पत्र दुकानों पर लगाए गए। जिसमें वार्ड क्रमांक 55 में खुले में मीट मांस बेचने पर शेखू, सनी, युनुस, नदीम, अरमान, आमिर, बसीर इमरान कुरैशी आदि पर 2000 रूपये का जुर्माना किया गया। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 54 में ईदगाह कंपू पर अनवर कुरैशी, मुबीन, शरीफ बिरयानी, इकबाल होटल, कैलाश आदि पर 2000 का जुर्माना किया। कार्रवाई के दौरान दक्षिण विधानसभा फ्लाइंग एस्कॉर्ट प्रभारी धर्मेंद्र धीरज धौलपुरिया, जोनल हेल्थ ऑफिसर विजय कुमार, वार्ड हेल्थ ऑफीसर अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

संबंध विच्छेद आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सरिता सोनी पत्नी स्व. श्री गोपीलाल सोनी, निवासी रानीपुरा, चार शहर का नाका, ग्वालियर में निवासरत हूँ। मेरे पति का निधन हो गया है। मेरे दो पुत्र हैं व एक पुत्री है, मेरा बड़ा पुत्र सक्षम सोनी जो कि अपने विवाह के पूर्व से ही अलग निवास कर रहा है और मेरी व मेरे परिवार की कोई देखरेख नहीं करता है तथा राय के विपरीत होने के कारण उसके कार्य व व्यवहार से दुखित होकर मैं अपने पुत्र सक्षम सोनी व पुत्रवधू सुहानी से अपने सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपने पारिवारिक रिश्ते समाप्त करती हूँ और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। मेरा पुत्र सक्षम सोनी व बहू सुहानी से अब कोई सम्बन्ध नहीं रहा है। अतः भविष्य में पुत्र और पुत्रवधू किसी प्रकार का कोई कदम उठाते हैं तो वे अपने कृत्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मैं और मेरा परिवार कोई जिम्मेदार नहीं होगा। सूचित हो। इति दिनांक :-24.03.2026

भवदीय- सरिता सोनी पत्नी स्व. श्री गोपीलाल सोनी, निवासी रानीपुरा, चार शहर का नाका, ग्वालियर (आधार नं. 8005 7095 6606)

द्वारा- **श्री सरनाम सिंह तोमर** एडवोकेट, तानसेन रोड, ग्वालियर।

संबंध विच्छेद सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकारगण 1. विकाश हिण्डौलिया पुत्र स्वर्गीय श्री टेकसिंह हिण्डौलिया (भाई) उम्र 32 वर्ष 2. श्रीमती वर्षा पत्नि श्री विकाश हिण्डौलिया (भाभी) 3. श्रीमती शांति देवी पत्नि स्वर्गीय श्री टेक सिंह हिण्डौलिया (माँ) निवासीगण गंज मौहल्ला वार्ड नम्बर 29 जिला भिण्ड मध्य प्रदेश द्वारा एक राय होकर आकाश उर्फ अंशु हिण्डौलिया से अपने सभी प्रकार के सांसारिक, व्यवहारिक रिश्तेनाते समाप्त करने का निर्णय लिया है। यहकि आकाश उर्फ अंशु हिण्डौलिया की संगत आवारा, झगडालू प्रवृत्ति के लोगों के साथ हो गयी है। हमारे पक्षकारगण द्वारा आकाश उर्फ अंशु हिण्डौलिया को कई बार समझाने के प्रयास किया गया है। परन्तु आकाश उर्फ अंशु हिण्डौलिया आवारा लोगों की संगत नहीं छोड़ रहा है। उसके व्यवहार से दुखित होकर हमारे पक्षगण द्वारा आकाश उर्फ अंशु हिण्डौलिया से अपने सभी प्रकार के सांसारिक व व्यवहारिक रिश्तेनाते समाप्त कर लिए हैं। यहकि आज दिनांक के बाद से कोई व्यक्ति, फर्म, संस्था, बैंक, प्रायवेट फायनेंस, कम्पनी इत्यादि आकाश उर्फ अंशु हिण्डौलिया के साथ लेन देन व समव्यवहार करती है तो उसके लिये आकाश उर्फ अंशु हिण्डौलिया स्वयं उत्तरदायी होगा। उसका किसी भी प्रकार का दायित्व हमारे पक्षकार की चल और अचल संपत्ति पर नहीं होगा। आकाश उर्फ अंशु हिण्डौलिया द्वारा कोई लड़ाई झगड़ा एवं आपराधिक कृत्य भी किया जाता है तो उसके लिये वह स्वयं उत्तरदायी होगा। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिये हमारे पक्षकारगण को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जावे। अत : सर्वसाधारण सूचित हो।

प्रेषक
राकेश कुमार कौशल एडवोकेट
कार्यालय 83 मयूर नगर ठाटीपुर, मुरार, ग्वालियर
मो.न. 8839081686

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती वन्दना बुनकर पत्नी श्री मनोज माहौर उक्त अचल सम्पत्ति प्लॉट क्र. 15 एवं 70 का भाग स्थित श्रीराम रेजीडेन्सी, गुलाबपुरी फेस-2 ग्राम खुरैरी जिला ग्वालियर में है। जो कि सर्वे क्र. 66 का भाग 1100 वर्गफुट है। जिसका म्यु. वार्ड क्र. 61 है, जो मेरी पक्षकारा ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरी पक्षकारा के विक्रेता सन्दीप यादव पुत्र स्व. श्री परमानन्द सिंह यादव के सहभूस्वामी उदयभान सिंह, नाथूसिंह, समर सिंह उर्फ सुन्दर सिंह पुत्रगण स्व. श्री मोहर सिंह व श्रीमती किशोरी देवी पत्नी स्व. श्री मोहर सिंह एंव सुमन, इन्द्रा देवी, मीरा, सीता देवी पुत्रिया स्व. श्री मोहर सिंह की काश्त की कृषि भूमि खसरे मे सयुक्त भूमि राजस्व अभिलेख मे भूमि स्वामी की हैसियत से दर्ज होकर चली आ रही। मेरी पक्षकारा के द्वारा किये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है। पूर्व में रोड पश्चिम में प्लॉट क्र. 68 उत्तर में प्लॉट क्र. 15 का भाग दक्षिण में प्लॉट क्र. 70 का भाग जिसका कुल क्षेत्रफल 1100 वर्गफुट है। मेरी पक्षकारा के विक्रेता सन्दीप यादव पुत्र स्व. श्री परमानन्द सिंह यादव के द्वारा उक्त अचल संपत्ति प्लॉट क्र. 15 एंव 70 का भाग मेरी पक्षकारा श्रीमती वन्दना बुनकर पत्नी श्री मनोज माहौर को विक्रित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैंक, सस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश को कोई या विक्रेता के सहभूस्वामी उदयभान सिंह, नाथूसिंह, समर सिंह उर्फ सुन्दर सिंह पुत्रगण स्व. श्री मोहर सिंह व श्रीमती किशोरी देवी पत्नी स्व. श्री मोहर सिंह एंव सुमन, इन्द्रा देवी, मीरा, सीता देवी पुत्रिया स्व. श्री मोहर सिंह को कोई उज्ज व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 15 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्ज व आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी और मेरी पक्षकारा श्रीमती वन्दना बुनकर पत्नी श्री मनोज माहौर अचल संपत्ति प्लॉट क्र. 15 एंव 70 का भाग कुल क्षेत्रफल 1100 वर्गफुट को क्रय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा जैना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड ग्वालियर से आवंटित करा रही है। जो सुचित हो।

दिनांक 24.03.2026
स्थान ग्वालियर

भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिकि संतर मुरार, ग्वालियर
मो. 9300981954

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती अरूणा पत्नी श्री वीरेन्द्र धाकड़ ने उक्त अचल सम्पत्ति प्लॉट क्र. 70 का भाग स्थित श्रीराम रेजीडेन्सी, गुलाबपुरी फेस-2 ग्राम खुरैरी जिला ग्वालियर मे है। जो कि सर्वे क्र. 66 का भाग 750 वर्गफुट है। जिसका म्यु. वार्ड क. 61 है, जो मेरी पक्षकारा ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरी पक्षकारा के विक्रेता सन्दीप यादव पुत्र स्व. श्री परमानन्द सिंह यादव के सहभूस्वामी उदयभान सिंह, नाथूसिंह, समर सिंह उर्फ सुन्दर सिंह पुत्रगण स्व. श्री मोहर सिंह व श्रीमती किशोरी देवी पत्नी स्व. श्री मोहर सिंह एंव सुमन, इन्द्रा देवी, मीरा, सीता देवी पुत्रिया स्व. श्री मोहर सिंह की काश्त की कृषि भूमि खसरे मे सयुक्त भूमि राजस्व अभिलेख मे भूमि स्वामी की हैसियत से दर्ज होकर चली आ रही। मेरी पक्षकारा के द्वारा किये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है। पूर्व में रोड पश्चिम में प्लॉट क्र. 68 उत्तर में प्लॉट क्र. 70 का भाग दक्षिण में प्लॉट क्र. 69 जिसका कुल क्षेत्रफल 750 वर्गफुट है। मेरी पक्षकारा के विक्रेता सन्दीप यादव पुत्र स्व. श्री परमानन्द सिंह यादव के द्वारा उक्त अचल संपत्ति प्लॉट क. 70 का भाग मेरी पक्षकारा श्रीमती अरूणा पत्नी श्री वीरेन्द्र धाकड़ को विक्रित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैंक, सस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागो या प्राईवेट फायनेंश को कोई या विक्रेता के सहभूस्वामी उदयभान सिंह, नाथूसिंह, समर सिंह उर्फ सुन्दर सिंह पुत्रगण स्व. श्री मोहर सिंह व श्रीमती किशोरी देवी पत्नि स्व. श्री मोहर सिंह एंव सुमन, इन्द्रा देवी, मीरा, सीता देवी पुत्रिया स्व. श्री मोहर सिंह को कोई उज्ज व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 15 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज व आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी और मेरी पक्षकारा श्रीमती अरूणा पत्नि श्री वीरेन्द्र धाकड अचल संपत्ति प्लॉट क्र. 70 का भाग का कुल क्षेत्रफल 750 वर्गफुट को कय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा जैना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड ग्वालियर से आवंटित करा रही है। जो सुचित हो।

दिनांक 22.03.2026
स्थान ग्वालियर

भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिकि संतर मुरार, ग्वालियर
मो. 9300981954

NAME CHANGE

I, MULCHANDANI KAJOL VASUDEV W/O JATIN KESWANI. HAVE CHANGE MY NAME AS KAJOL JATIN KESWANI. NOW I WILL KNOWN BY MY NEW NAME AS **KAJOL JATIN KESWANI.**

ADD.- S-2 GEETANJALI APARTMENT SANTOSH VATIKA KE SAMNE D-BLOCK SAMADHIYA COLONY LASHKAR GWALIOR (M.P.)- 474001

CHANGE OF NAME

I, **REKHA CHANDRA SEN Mother of Army Service No. JC293280M Rank- SUB Name- PIYUSH CHANDRA SEN** Residing at 27, Essarjee Campus, BDA Road Near MGM School, Tehsil- Huzur, District- Bhopal, State- Madhya Pradesh, Pin- 462022 have changed my name from **REKHA CHANDRA SEN** to **REKHA RANI SEN** due to mismatch in my Army Service Record.

Vide Affidavit No. 78AA 748484 Dated 18/03/2026 before High Court, Gwalior M.P.

कार्यालय विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (माधवराव काउण्टर मैग्नेट)

शीतला सहाय प्रशासनिक भवन, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, सौजना - तिघरा, ग्वालियर (म.प्र.)
क्रमांक/विक्षेविप्रा/संपदा/2026/164-165
ग्वालियर दिनांक-23/03/2026

// सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थी ऋषि कुमार श्रीवास्तव पुत्र श्री गजेन्द्र श्रीवास्तव निवासी ढोली बुआ का पुल, पत्तल वाली गली लश्कर ग्वालियर म.प्र. को साडा की आवासीय योजना में भूखण्ड सेक्टर-ए2 ब्लॉक-02 भूखण्ड क्र. 42 एम.आई.जी. 200 वर्गमीटर आकार आवंटित किया गया था। श्री ऋषि श्रीवास्तव द्वारा उक्त भूखण्ड के पट्टे का हस्तांतरण द्वारा श्री दिलीप अग्रवाल पुत्र श्री रामबाबू अग्रवाल निवासी छत्री बाजार लश्कर, ग्वालियर म.प्र. को किया जाने की अनुमती हेतु आवेदन मय शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है। यदि किसी संस्था/व्यक्ति एवं अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति 15 दिवस तक कार्यालय में प्रस्तुत करें नियत तिथि के पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं नियमानुसार प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर हस्तांरण की कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
साडा (काउण्टर मैग्नेट) ग्वालियर

कार्यालय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पारसेन जिला-ग्वालियर (म.प्र.)

क्रमांक /स्था/2025-26/36 दिनांक 24/3/2026

निविदा आमंत्रण सूचना

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पारसेन के लिए निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी ठेकेदारों से निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

1 इनवेंटर माइकोटेक विथ चार बेटरी 4000/4 .5 वोल्ट (बेटरी 160 ah)
2 अस्पताल बिल्डिंग की छत वाटर प्रूफिंग
3 पानी की टंकी 1000 लीटर एवं पानी सप्लाई रिपेयर
4 टीन शेड वाहन पार्किंग के लिए
5 झण्डा बंदन के लिए पोल एवं प्लेटफार्म
6 08 सीसीटीवी कैमरे 08 चैनल (डीवीआर) 01 नग
7 बाउन्ड्री वाल की तार फैंसिंग
8 अस्पताल की पुताई एवं ब्राडिंग
9 मैन गेट की रिपेयरिंग एंव अस्पताल बोर्ड
10 चेनल गेट की रिपेयरिंग एवं खिड़की बैल्डिंग
11 जमीन पर पेवेर्स टाइल्स
12 बिजली का छोटा मोटा कार्य
13 एक्जीक्यूटिव चैयर 02 नग
14 ऑफिस टेवल 03 नग
15 फीज 190 लीटर 01 नग

निविदा सीलबंद लिफाफे में अस्पताल के कार्यालय में दिनांक 03/04/2026 दोपहर 02 बजे तक जमा किए जा सकेगें। उक्त दिनांक के पश्चात् प्राप्त निविदाओं को विचार में नहीं लिया जायेगा। किसी भी निविदा को स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का समस्त अधिकार अस्पताल प्रबंधन का होगा।
दिनांक 24.03.2026

अध्यक्ष, सचिव
जन आरोग्य समिति

नव भारत
आवश्यकता है
पद की योग्यता
देश के अनेक राज्यों से प्रकाशित नवभारत समाचार पत्र समूह के **ग्वालियर** संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है।

रिपोर्टर
(2 वर्ष का अनुभव एवं स्नातक)

डीटीपी ऑपरेटर
(5 वर्ष का अनुभव एवं कोरल ड्रा अनिवार्य)

सर्कुलेशन एग्जीक्यूटिव
(2 वर्ष का अनुभव एवं बीए/बी.कॉम)

नोट- स्वयं का वाहन और कम्प्यूटर में दक्षता अनिवार्य।

संपर्क करें
कार्यालय - नवभारत प्रेस, एस.पी ऑफिस के सामने, सिटी सेंटर, ग्वालियर
(सुबह 11 से शाम 6 बजे तक)
9479319990
navabharatgwalior@gmail.com

डॉ. कुमार क्लीनिक
DR. DINESH KUMAR
M.B.B.S., PGDS, FSPT
SEXYOLOGIST
गुप्त रोग विशेषज्ञ
नवीन पद्धति द्वारा 100% सफल इलाज
2000 से अधिक रोगियों का विश्वास
पता- सिल्वर एस्टेट के पास, सिटी सेन्टर, अभियंक एस्टेट ग्वालियर
संपर्क करें- 9090848460

आगामी ईस्टर (5 अप्रैल) तथा चैत्र नवरात्रि (19 मार्च से)
अक्षय्य तृतीया
परशुराम जयंती एवं अक्षय तृतीया (20 अप्रैल) की
सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकानाएं।
प्रो- एस.एन. शुक्ला (गणित)
AM-70, डी डी नगर, ग्वालियर
Mob. 9243218074